हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार, 10 मई 2026

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]


तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री


2 बरगद और साल के पेड़ की छांव में लगा शिविर




# पहाड़ी नाले के गड्ढे में मिले दो मानव कंकाल, हत्या या आत्महत्या, जांच में उलझी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ धौरपुर

ग्राम जमोनी एवं बिलमा के बीच जंगल किनारे पहाड़ी नाला में दो मानव कंकाल मिलने से क्षेत्रवासियों में हड़कंप मच गया है। कंकाल में लिपटे कपड़ों के आधार पर परिजन ने ग्राम जमोनी निवासी विनोद आ.रवि कोरवा (19वर्ष) एवं ज्योति आ.तारा सिंह गोड़ (17वर्ष) के रूप में की गई है। पुलिस मामले को प्रेम प्रसंग से जोड़कर देख रही है लेकिन दोनों का शव कब्र में कैसे पहुंचा इसको लेकर हैरानी है।

जंगल के किनारे के रास्ते से गुजरने के दौरान ग्रामीणों ने ग्राम जमोनी एवं बिलमा के मध्य पहाड़ी नाले के गड्ढे में संदिग्ध अवस्था में नरकंकाल देखा तो पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस एवं फॉरेंसिक की टीम घटनास्थल पर पहुंची एवं ग्रामीणों की मदद से गड्ढे को खुदवाया तो दो मानव कंकाल निकले। दोनों ही कंकालों के सिर सहित अन्य हड्डियां अलग-अलग हो गई थी। एक कंकाल की कमर में हाफ पैंट जबकि दूसरे के शरीर पर फ्रॉक लटकी थी। ग्राम जमोनी निवासी रवि कोरवा ने 13 मई 2023 को धौरपुर थाने में अपने पुत्र विनोद कोरवा के लापता होने की ⏭ शेष पेज 3 पर





### करंट बिछाकर करते है सुअर का शिकार

चर्चा है कि ग्राम जमोनी के ग्रामीण अक्सर रात में जंगली सुअर का शिकार करने नाला के निकट स्थित 11 केवी विद्युत पोल से जीआई तार जोड़कर जंगल में करंट की बाड़ लगाकर वन्य जीवों के फंसने का इंतजार करते हैं। इस दौरान करंट की चपेट में किसी वन्यजीव के आने पर तार से चिंगारी निकलने पर तत्काल तार को उतारकर वन्य जीव की तलाश करते है। यह भी संभावना जताई जा रही है कि वन्य जीवों के शिकार के लिए बिछाए गए करंट की बाढ़ की चपेट में आने से दोनों की मौत हुई होगी तथा गिरफ्तारी के भय से शिकारियों ने आनन-फानन में पहाड़ी नाले में गहरा गड्ढा खोदकर दोनों मृतकों के शव को दफना दिया होगा।

### परिजन लम्बे समय से कर रहे थे तलाश

मृतकों के परिजन लम्बे समय से दोनों को तलाश रहे थे। आसपास के गांवों, परिचित एवं रिश्तेदारों से लगातार संपर्क करने के बाद भी जब उनकी कोई जानकारी नहीं मिली तो रवि कोरवा ने थाने में दो साल बाद अपने बेटे के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई। कन्या के परिजन विनोद एवं ज्योति के एक साथ लापता होने पर रवि कोरवा पर उन्हें किसी सुरक्षित ठिकाने पर छिपाने का आरोप लगा रहे थे तथा तलाशने के लिए लगातार दबाव भी डाल रहे थे। परिजन के अतिरिक्त कोई दूसरा दोनों की हत्या कर गड्ढे में दफनाने के कारणों को भी कोई नहीं समझ पा रहा है।

### कराया जाएगा डीएनए टेस्ट

दोनों नककंकाल को पीएम के लिए भेजा गया है। पीएम उपरांत दोनों का डीएनए टेस्ट कराया जाएगा। मामला हत्या का है या आत्महत्या का यह जांच का विषय है। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में मामले की जांच की जाएगी।

-सीआर चंद्रा, थाना प्रभारी, धौरपुर

## होटल संचालक ने जमकर मचाया हंगामा, देर शाम तक जारी रहा सीमांकन

# कामोदा रिसार्ट में अवैध अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम, लौटना पड़ा वापस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

शनिवार को शहर के कामोदा रिसोर्ट में अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम को वापस लौटना पड़ा। बेदखली का आदेश जारी होने के बाद भी लगभग 30 से 40 डिसमिल शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण को अधिकारी नहीं हटा पाए। इस दौरान होटल संचालक ने जमकर हंगामा मचाया। भारी हंगामे के बीच होटल संचालक को समर्थन देने के लिए पूर्व मंत्री अमरजीत भगत भी पहुंचे और कार्रवाई को गलत बताया। सबसे बड़ी बात यह है कि जेसीबी मशीन लेकर पहुंची टीम खुद दिनभर शासकीय जमीन पर किया गया अतिक्रमण ही खोजती रही। दिनभर सीमांकन करने के बाद भी तय नहीं हो पाया की कितना अतिक्रमण है।

बताया जा रहा है कि शहर के फुन्दुरडिहारी में संचालित होटल कामोदा रिसोर्ट में अवैध अतिक्रमण की शिकायत की गई थी। आरोप है कि गोचर ⏭ शेष पेज 3 पर





### अधिकारी खोजते रहे दस्तावेज

शनिवार को कार्रवाई करने अधिकारियों की कार्यशैली ही सवालों के घेरे में आ गई। अधिकारी जेसीबी मशीन लेकर अतिक्रमण हटाने तो पहुंच गए लेकिन जमीन पर कितना और किस तरफ से कब्जा है यह तय ही नहीं हो पाया। अधिकारी दिनभर सीमांकन करते रहे। इसके साथ ही होटल संचालक ने अपनी रजिस्ट्री होने का दावा किया लेकिन वह भी दस्तावेज पेश नहीं कर पा रहा था। ऐसे में कार्रवाई अधर में लटकी रही। समाचार लिखे जाने तक अधिकारी शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण की जानकारी ही मौके पर जुटाते रहे।

### नियमानुसार किया गया निर्माणः संचालक

होटल संचालक राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि तहसीलदार द्वारा दो दिन पहले बेदखली का ऑर्डर दिया गया था। हमारे द्वारा नियमानुसार भवन का निर्माण किया गया है और सभी प्रक्रिया पूर्ण की गई है। बैंक से लोन लिया गया है। हमपर लगा आरोप झूठा है। अधिकारी स्वयं कह रहे है कि जबतक बटाकंन नहीं होगा तब तक बताना मुश्किल है कि किसने अवैध अतिक्रमण किया है। हमारी जमीन ना ही गोचर है और ना ही शासकीय।

### दिया गया है समय

शासकीय भूमि पर अतिक्रमण के मामले में तहसीलदार न्यायालय से बेदखली का आदेश जारी किया गया है और इसपर कोई स्थगन आदेश भी नहीं दिया गया है। अतिर्कमन हटाने के लिए 1 अप्रैल को नोटिस जारी किया गया था लेकिन जवाब नहीं मिला। स्वयं से अतिक्रमण नहीं हटाने पर हम कार्रवाई करने पहुंचे है। होटल संचालक ने दो दिन का समय मांगा है इसके बाद कार्रवाई की जाएगी। संचालक अभी रजिस्ट्री के पेपर खोज रहा है जिसके बाद तय सीमांकन से तय हो पाएगा की कितनी भूमि पर अतिक्रमण किया गया है।

-बन सिंह नेताम, एसडीएम

## झुमरपारा से करंजी रेलवे साइडिंग तक सड़क निर्माण को मिली 5 करोड़ की मिली मंजूरी



**दतिमा मोड़/विश्रामपुर।** ग्राम पंचायत झुमरपारा-करंजी क्षेत्र के लोगों के लिए लंबे इंतजार के बाद बड़ी सौगात मिली है। झुमरपारा मंदिर चौक से करंजी रेलवे साइडिंग तक सड़क निर्माण के लिए लगभग 5 करोड़ 3 लाख रुपये की स्वीकृति मिली है जिससे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। वर्षों से जर्जर सड़क और आवागमन की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों ने इस फैसले का स्वागत किया है। सड़क निर्माण के लिए क्षेत्र के ग्रामीण व जनप्रतिनिधियों द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे थे।

नावापारा से करंजी कोप साइडिंग तक लगभग 2 .80 किलोमीटर सड़क कोल वाहनों के चलने से जर्जर हो चुका था। ग्राम झूमर पारा एवं करंजी के ग्रामीणों द्वारा लगातार आंदोलन व चक्काजाम किया जा रहा था। आज एसईसीएल के सीएसआर मद से स्वीकृति मिल गई है। यह सड़क क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती है। करीब 25 वर्ष पहले एसईसीएल द्वारा रेलवे स्टेशन तक सड़क का निर्माण कराया गया था, लेकिन समय के साथ सड़क पूरी तरह जर्जर हो गई। सड़क खराब होने से ग्रामीणों, स्कूली बच्चों, मरीजों और रोजाना आवागमन करने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। बरसात के दिनों में हालात और भी दयनीय हो जाती जिससे कई गांवों का संपर्क प्रभावित हो जाता था। ग्रामीण लंबे समय से सड़क निर्माण की मांग को लेकर आंदोलन और विरोध प्रदर्शन करते आ रहे थे। कई बार प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन भी सौंपा गया था। लगातार उठ रही मांग और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की पहल के बाद आखिरकार सड़क निर्माण को मंजूरी मिल गई। बताया जा रहा है कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भटगांव स्थित एसईसीएल जीएम से मुलाकात कर सड़क निर्माण की मांग को प्रमुखता से रखा। एसईसीएल जीएम द्वारा इस संबंध में कलेक्टर को भी पत्र भेजकर आवश्यक ⏭ शेष पेज 3 पर

## युवक ने सल्फास खाकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

**अंबिकापुर।** सरगुजा में क्रिकेट सट्टा कारोबार ने एक बार फिर से एक युवक की जिंदगी छीन ली। सट्टा की लत से लाखों रूपए गंवाने वाले युवक ने सल्फास खाकर आत्म हत्या कर ली। युवक को गंभीर हालत में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उसकी मौत हो गई। बड़ी बात यह है कि युवक ने घर में एक सुसाइड नोट भी छोड़ा है। फिलहाल पुलिस द्वारा इस मामले में मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है। घटना के बाद परिजन में शोक का माहौल है।

बताया जा रहा है कि मायापुर निवासी 40 वर्षीय संदीप अग्रवाल आ. राजेन्द्र बंसल की शहर के पुराना बस स्टैंड में दुर्गा बाड़ी के समीप ड्राई फ्रूट्स की दुकान है। मृतक के चाचा सतीश बंसल के अनुसार 8 मई की दोपहर 12.30 बजे संदीप अग्रवाल घर पहुंचा और अपने पिता को जानकारी दी कि उसने सल्फास जहर खा लिया है। मृतक ने पिता से कहा कि उसने परिवार को बहुत परेशान किया है लेकिन अब वह किसी को परेशान नहीं करेगा। युवक द्वारा जहर खाने की जानकारी से परिवार में हडकंप मच गया। राजेन्द्र बंसल ने घटना की जानकारी अपने भाई संतिश बंसल को दी जिसके बाद सतीश बंसल व परिवार के सदस्य उसे उपचार के लिए शहर के लक्ष्मी नारायण हॉस्पिटल पहुंचे लेकिन वहां से उसे रिफर कर दिया गया। युवक को उपचार के लिए मिशन अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां देर शाम उसकी मौत हो गई। युवक की मौत के बाद मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है। बताया जा रहा है कि युवक ने मरने से पहले एक सुसाइड नोट भी छोड़ा है जिसमें उसने लिखा है कि उसके सट्टा खेलने की आदत जा नहीं रही है। इसके साथ ही युवक ने आईपीएल सट्टा में लाखों रूपए गवाए जिससे वह कर्ज में था। हालांकि अस्पताल में दिए गए बयान में परिजन ने सिर्फ आत्म हत्या की घटना का जिक्र किया है। फिलहाल कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस संबंध में एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो ने बताया कि घटना की सूचना मिली है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

## घरेलू विवाद पर आक्रोशित पुत्र ने की पिता की हत्या,पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**सीतापुर।** पिता पुत्र के बीच हुए घरेलू विवाद से आक्रोशित पुत्र ने पिता की पीट पीटकर हत्या कर दी। पिता की हत्या के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी पुत्र को हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उक्त घटना चौकी केरजु के ग्राम कुनमेरा की है जहां गुढ़ीपारा निवासी बुजुर्ग रामविलास सिंह को उसके बड़े बेटे धरम सिंह ने घरेलू विवाद पर आक्रोशित होकर हत्या कर दी। इस घटना की मुख्य वजह आरोपी की माता का मृत्यु के बाद सामाजिक रूप से होने वाला अंतिम क्रियाकर्म नही होना बताया जा रहा है। दरअसल आरोपी धरम सिंह की मां की मृत्य पिछले साल हो गई थी जिसका अंतिम संस्कार के बाद पैसों की कमी की वजह से सामाजिक रूप से होने वाला दशकर्म एवं अन्य संस्कार नही हो पाया था। जिसकी वजह से आरोपी काफी दुःखी रहता था और अंदर ही अंदर उसे ये बात सताए जा रही थी। उसने इस संबंध में कई बार अपने पिता से बात की और मां के दशकर्म को संपन्न करने का अनुरोध किया पर हमेशा नशे में धुत रहने वाला शराबी पिता ने इसे कभी गंभीरता से नही लिया। मां की मौत के साल भर बाद भी दशकर्म नही होने से व्यथित पुत्र ने बंटवारे के रूप में पिता से अपने हिस्से की जमीन मांगी ताकि वो अपने हिस्से का जमीन बेचकर अपनी मां का सामाजिक रीतिरिवाजों के साथ दशकर्म क्रिया संपन्न कर सके लेकिन पिता राजी नही हुए जिसकी वजह से दोनों के बीच विवाद हो गया और आक्रोश में आकर बेटे ने पीट पीटकर पिता की हत्या कर दी। इस घटना के बाद मृतक के छोटे बेटे करम सिंह की रिपोर्ट पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया। इस मामले में पुलिस ने धारा 103(3) के तहत पिता की हत्या के जुर्म में आरोपी धरम सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी राजेश्वर दास महंत आरक्षक दिलसुख शामिल थे।



## गेमिंग और फ्राड के पैसों के लालच में आकर साइबर अपराध में फंसे शहर के युवा

**अंबिकापुर।** सरगुजा जिले में युवा पैसों के लालच में आकर साइबर ठगी करने वाले गैग में शामिल होते जा रहे है। इस बात का खुलासा पुलिस की जांच में हुआ है। कई युवा व नाबालिग साइबर ठगों के सम्पर्क में आकर ठगी की रकम को एक खाते से दूसरे खाते में ट्रांसफर करने का काम कर रहे थे। इसके लिए उन्होंने अपने बैंक खाता और सिमकार्ड का भी उपयोग किया।गेमिंग और फ्राड से संबंधित रुपयों की लालच में आकर युवकों ने अपना जीवन बर्बाद कर लिया है।

बतया जा रहा है कि गांधीनगर थाना अंतर्गत ग्राम स्कालो निवासी सुजीत मंडल आ. सुकुमार मंडल ने की शिकायत पर पुलिस द्वारा बीएनएस की धारा 318(4) के तहत अपराध दर्ज कर साइबर ठगी के मामले की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने 18 नवंबर 2025 को आरोपी अनीश गिरी, सद्दाम आलम, वर्षा सिंह पोर्ते को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया था। वहीं पुलिस ने जब इस प्रकरण में एक अन्य विधि से संघर्षरत बालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो कई चौकाने वाले खुलासे हुए। पुलिस के अनुसार शहर के नव युवक भी गेमिंग और फ्राड से संबंधित रूपए उनके व अन्य लोगों के खातों में हासिल करते है और उन्हें एटीएम के जारी आहरित करने के बाद अन्य बैंक खातों में सीडीएम मशीन के माध्यम से डिपॉजिट किया करते थे जिससे उन्हें कमीशन मिलता था। जांच के दौरान पुलिस ने ऐसे 10 आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई और सभी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। आरोपियों के बैंक खाते की जांच के दौरान पता चला की अन्य राज्यों में भी इनके बैंक खातों के विरुद्ध रिपोर्ट पंजीबद्ध है। आरोपियों के कब्जे से 10 नग मोबाइल जप्त कर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने कुछ पैसों के लालच में खुद के खाते को मिल आउट की तरह प्रयोग में लाने के लिए दिया तथा साथ में सहभागिता करते हुए स्वयं से एटीएम से पैसे निकालकर दूसरे खातों में पैसे का स्थानांतरण किया।

- पुलिस की जांच में आए चौकाने वाले खुलासे, अपना बैंक खाता देकर जेल पहुंचे नाबालिग समेत नवयुवक

### साइबर अपराधियो के लिए म्यूल ना बने

साइबर ठगों के जाल में फंसकर चंद रुपयों की लालच में नव युवक अब जेल पहुंच गए है। ऐसे में एसएसपी सरगुजा राजेश कुमार अग्रवाल ने अभिभावक और शिक्षकों से अनुरोध हैं कि सभी बच्चों को इस प्रकार के लालच से दूर रहने के बारे में समझाइस दे तथा कभी भी अपना खाता या सिम कार्ड को किसी अन्य को ना दें। थोड़ी सी लालच बड़ी सजा बन सकती है। साइबर अपराधियो के लिए म्यूल ना बने। उन्होंने आह्वान किया कि अपने मोबाइल फोन, सिम कार्ड अथवा बैंक खाते किसी अन्य व्यक्ति को उपयोग हेतु न दें और न ही बेचें। ऐसा करना गैरकानूनी है तथा आपके बैंक खाते या मोबाइल नंबर का उपयोग साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी एवं अन्य अवैधानिक गतिविधियों में किया जा सकता है, जिसके लिए आपके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जा सकती है।

### बरतें ये सावधानी

एसएसपी श्री अग्रवाल ने बताया कि युवा और आम नागरिक किसी भी प्रकार के लालच, झांसे या फर्जी ऑफर में न फंसे। कम समय में अधिक मुनाफा, घर बैठे पैसे कमाएँ, आसान ऑनलाइन इनकम जैसे प्रलोभन अक्सर साइबर ठगी के तरीके होते हैं। अपने बैंक खाते, ओटीपी, एटीएम पिन, यूपीआई पिन, पासवर्ड एवं व्यक्तिगत जानकारी किसी के साथ साझा न करें। अनजान लिंक, कॉल एवं मैसेज से सतर्क रहें। साइबर फ्रॉड से बचें, जागरूक बनें और दूसरों को भी जागरूक करें। न स्वयं साइबर अपराध का हिस्सा बनें और न ही किसी अन्य को बनने दें।

## बहन को रॉड से मारा,रिपोर्ट होने पर पुलिस कार्रवाई के डर से युवक ने की खुदखुशी

**बिश्रामपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम सतपता में एक 24 वर्षीय युवक ने कथित तौर पर पुलिस कार्रवाई के डर से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना शुक्रवार दोपहर की बताई जा रही है। युवक की मौत से परिवार और गांव में शोक का माहौल है।जानकारी के अनुसार ग्राम सतपता निवासी शैलेश सिंह गोंड़ पिता अजय सिंह गोंड़ पेशे से ड्राइवर था। शुक्रवार को वह श्रीनगर से घर लौटा था और शराब के नशे में बताया जा रहा था। उस समय उसके माता-पिता किसी काम से बाहर गए हुए थे और घर में उसकी 16 वर्षीय बहन अकेली थी।

बताया गया कि शैलेश ने घर पहुंचने के बाद बहन से खाना मांगा। बहन ने खाना बन रहा होने की बात कही, जिससे वह नाराज हो गया और गाली-गलौज करने लगा। इसी दौरान उसने पास में रखी लोहे की रॉड से बहन के पैर में वार कर दिया।घटना से नाराज बहन ने थाने जाकर रिपोर्ट करने की बात कही। यह सुनने के बाद शैलेश अपने कमरे में चला गया। कुछ देर बाद बहन वापस घर लौटी, तब तक माता-पिता भी घर पहुंच चुके थे। परिवार के लोग जब शैलेश को खोजते हुए कमरे में पहुंचे तो वह फांसी के फंदे पर लटका मिला। पुलिस के अनुसार युवती थाने पहुंची थी, लेकिन बिना रिपोर्ट दर्ज कराए वापस घर लौट आई थी। प्रारंभिक तौर पर आशंका जताई जा रही है कि पुलिस तक मामला पहुंचने और रिपोर्ट दर्ज होने के डर से युवक ने आत्मघाती कदम उठा लिया।






## खबर संक्षेप

### प्रयास आवासीय विद्यालय कक्षा 9वीं के लिए चयन परीक्षा आज

**अम्बिकापुर।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत प्रयास आवासीय विद्यालय में सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं हेतु प्रयास प्राक्चयन परीक्षा 10 मई को समय प्रातः 10 से 1 बजे अम्बिकापुर शहर के पांच केन्द्रों में आयोजित होगी। एकलव्य आवसीय विद्यालय रिखी कन्या शिक्षा परिसर अम्बिकापुर में अनुक्रमांक 4311001 से 4311387, एकलव्य आवसीय विद्यालय लुण्ड्रा प्रतापपुर रोड घंघरी अम्बिकापुर में अनुक्रमांक 4312001 से 4312218 तक, कार्मेल स्कूल नमनाकला रिंग रोड अम्बिकापुर में अनुक्रमांक 4313001 से 4313600 तक, न्यू डी.पी.एस. स्कूल प्रतापपुर रोड अम्बिकापुर में 4314001 से 4314386 तक एवं प्रयास आवासीय विद्यालय प्रतापपुर रोड घंघरी में अनुक्रमांक 4315001 से 4315801 तक के परीक्षार्थी शामिल होंगे। उन्होंने परीक्षा में सम्मिलित सभी परीक्षार्थी एवं उनके पालकों को सूचित किया है कि परीक्षा का समय दिनांक एवं परीक्षा केन्द्रों को ध्यान में रखते हुए परीक्षा केन्द्र में रिपोर्टिंग समय 8 बजे से 9.30 बजे तक निर्धारित है।

### कीटनाशक पीने से गंभीर वृद्ध की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** कीटनाशक पीने से गंभीर हुए ग्रामीण की उपचार के दौरान मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार सन्ना थाना अंतर्गत ग्राम कामरिया निवासी जुगनू राम भगत आ. स्व. बलो राम भगत (60 वर्ष) 24 अप्रैल को शराब के नशे में घर में रखे कीटनाशक को पी लिया जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन वृद्ध को बगीचा अस्पताल में भर्ती कराया जहां लंबे समय तक चले उपचार के बाद वृद्ध की हालत में सुधार नहीं होने पर चिकित्सकों ने रेफर कर दिया। परिजन वृद्ध को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान बीती रात मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### आम तोड़ रही महिला पेड़ से गिरी, मौत

**अम्बिकापुर।** गांव में आम पेड़ पर चढ़कर आम तोड़ रही महिला डंगाल टूट जाने से नीचे गई गई जिससे गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन महिला को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत महिला को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार बैकुंठपुर अंतर्गत बचरापोड़ी इंदरपुर निवासी मनमेत पति हीरालाल (57 वर्ष) शुक्रवार की सुबह गांव के अन्य महिलाओं के साथ आम तोड़ने गई थी। महिला पेड़ पर चढ़कर आम तोड़ रही थी तभी डंगाल के टूट जाने से नीचे गिर गई जिससे गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन महिला को गंभीर हालत में बैकुंठपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन महिला को लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आपातकालीन केन्द्र पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया।

## खबर संक्षेप

### बिना नम्बर प्लेट दौड़ रही नई 108 एम्बुलेंस

**बैकुण्ठपुर।** जिला अस्पताल बैकुंठपुर को हाल ही में डायल 108 की नई संजीवनी एक्सप्रेस एम्बुलेंस मिली है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि इनमें से एक एम्बुलेंस बिना नम्बर प्लेट के ही सड़कों पर दौड़ रही है। लोगों की जान बचाने के लिए उपयोग में लाई जा रही यह एम्बुलेंस परिवहन नियमों की अनदेखी करती नजर आ रही है। जानकारी के अनुसार नई एम्बुलेंस को अस्पताल प्रबंधन द्वारा सेवा में लगा दिया गया है, जबकि वाहन पर अब तक पंजीयन नंबर अंकित नहीं किया गया है। बिना नम्बर प्लेट वाहन संचालन को लेकर लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### प्रयास आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा आज

**बैकुण्ठपुर।** प्रयास आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा का आयोजन रविवार को निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जाएगी। जानकारी के अनुसार उक्त परीक्षा 10 मई की सुबह 10 बजे से आयोजित की जाएगी। उक्त प्रवेश परीक्षा के परीक्षार्थियों को दो घंटा पूर्व ही पहुंचने के निर्देश जारी किए हैं, वहीं परीक्षार्थियों को 9:30 बजे के बाद प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

### ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर 14 से

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में खेल प्रतिभाओं को निखारने तथा बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर 2026 का आयोजन किया जा रहा है। जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित इस विशेष शिविर में बच्चों एवं युवाओं को विभिन्न खेल विधाओं में निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में कबड्डी, फुटबॉल, कराते, क्रिकेट एवं बैडमिंटन जैसे लोकप्रिय खेलों को शामिल किया गया है। फुटबॉल एवं क्रिकेट का प्रशिक्षण आत्मानंद विद्यालय मनेन्द्रगढ़ में आयोजित होगा, जबकि कबड्डी का प्रशिक्षण खेलो इंडिया लघु केन्द्र बंजी में दिया जाएगा। बैडमिंटन खिलाड़ियों के लिए नई लेदरी स्थित बैडमिंटन हॉल में प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। वहीं कराते प्रशिक्षण वार्ड क्रमांक 9 पेण्ड्रा दफाई मनेन्द्रगढ़ में आयोजित किया जाएगा।

### बिजुरी मंडल में भाजपा की संगठनात्मक बैठक

**बिजुरी।** भाजपा जिला अनूपपुर के अंतर्गत बिजुरी मंडल में बैठक आयोजित की गई। बैठक में मध्यप्रदेश शासन के मंत्री दिलीप जायसवाल एवं भाजपा जिला प्रभारी संजय साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में जिला महामंत्री सिद्धार्थ शिव सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष सहबीन पनिका, मंडल प्रभारी सुनील चौरसिया तथा बिजुरी मंडल अध्यक्ष रिंकू शर्मा सहित संगठन के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## उज्ञांव जनसमस्या निवारण शिविर में 70 आवेदन निराकृत

# बरगद और साल के पेड़ की छांव में लगा शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

सुशासन तिहार के अंतर्गत सोनहत जनपद पंचायत के दूरस्थ ग्राम उज्ञांव में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया।

■ 7 गांवों के ग्रामीण हुए शामिल

विशेष बात यह रही कि शिविर का आयोजन बरगद एवं साल के पेड़ों की छांव में खुले मैदान में किया गया, जहां विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। विभागीय अधिकारियों ने ग्रामीणों को बताया कि शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को प्रदान किया जाता है तथा योजनाओं से संबंधित जानकारी के लिए संबंधित विभागीय कार्यालयों से संपर्क किया जा सकता है।

जिला पंचायत सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा कि शिविर में प्राप्त आवेदनों को ऑनलाइन दर्ज किया जाएगा। इसके पूर्व संबंधित विभागों द्वारा आवेदनों को स्कैन कर परीक्षण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है, ताकि यथासंभव त्वरित निराकरण किया जा सके। अपर कलेक्टर सुरेन्द्र वैद्य ने किसानों एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि एग्रीस्टेक पंजीयन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बिना एग्रीस्टेक पंजीयन के किसानों को केन्द्र एवं राज्य शासन की किसान हितैषी योजनाओं का लाभ लेने में कठिनाई हो सकती है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे पटवारी अथवा कॉमन सर्विस सेंटर सीएससी में जाकर आवश्यक दस्तावेज एवं पंजीकृत मोबाइल नंबर के साथ पंजीयन की प्रक्रिया पूर्ण करें। साथ ही महतारी वंदन योजना की हितग्राहियों से समय पर ई-केवाईसी कराने का आग्रह किया गया।



कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी व अन्य।


शिविर में उपस्थित ग्रामीण।

शिविर में विभिन्न विषयों से संबंधित लगभग 489 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से करीब 70 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। इस अवसर पर कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही मोर गांव मोर पानी अभियान के अंतर्गत 5 प्रतिशत मॉडल के तहत सोख्ता गड्ढा निर्माण करने वाले किसानों एवं पंच-सरपंचों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न हितग्राहियों को हितग्राहीमूलक सामग्रियों का वितरण भी किया गया। जनसमस्या निवारण शिविर में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, संयुक्त कलेक्टर एवं एसडीएम सोनहत अमित गुप्ता, जनपद पंचायत सोनहत के सीईओ मनोज सिंह जगत, विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों सहित ग्राम उज्ञांव, अमृतपुर, सिंघोर, नटवाही, रामगढ़, आनंदपुर एवं दसेर के काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# मधुमक्खियों के हमले से 5 घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

जिले के ग्राम पंचायत खरवत अंतर्गत ग्राम करमडॉड़ में तेंदूपत्ता तोड़ने जंगल गए ग्रामीणों पर अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया, इसमें एक 10 वर्षीय बच्चा सहित 5 लोग घायल हो गए। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल उत्पन्न हो गया। जानकारी के अनुसार ग्रामीण जंगल क्षेत्र में तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य में लगे थे, तभी मधुमक्खियों का झुंड भड़क उठा और उन्होंने वहां मौजूद लोगों पर हमला कर दिया। घायलों में महेश कुमार सारथी, बबली सारथी, श्यामकली नायक, गुरमी बाई और एक 10 वर्षीय बच्चा शामिल हैं। घटना के तुरंत बाद ग्रामीणों ने सभी घायलों को सुरक्षित बाहर निकाला और उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार सभी घायलों की स्थिति फिलहाल सामान्य बनी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि जंगल क्षेत्रों में इस प्रकार की घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है, लेकिन सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए जा रहे हैं। तेंदूपत्ता सीजन में बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे भी जंगल जाते हैं, जिससे खतरा और बढ़ जाता है। इसी तरह चरचा क्षेत्र के श्रमिक चौक में लंबे समय से बने मधुमक्खियों के छत्ते ने भी राहगीरों और मजदूरों के लिए खतरा बढ़ा दिया है। स्थानीय लोगों ने कहा कि कई लोग इससे घायल भी हो चुके हैं, लेकिन प्रशासन और संबंधित विभाग अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठा पाए हैं। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से अपील की है कि श्रमिक चौक में बने मधुमक्खियों के छत्ते को तुरंत हटाया जाए और जंगल क्षेत्रों में तेंदूपत्ता संग्रहण करने वाले ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए आवश्यक इंतजाम किए जाएं। उन्होंने कहा कि समय पर कार्रवाई नहीं हुई तो भविष्य में बड़ी दुर्घटना हो सकती है। ग्रामीणों ने यह भी जोर दिया कि तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य में लगे श्रमिकों को सुरक्षा संबंधी जानकारी और प्राथमिक उपचार की सुविधा प्रदान की जाए, ताकि जंगलों में ऐसी घटनाओं से लोगों की जान बचाई जा सके।

■ तेंदूपत्ता तोड़ने गए थे ग्रामीण







# जिले का शिक्षा विभाग बना सवालों के घेरे में

**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिले के शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने जिला प्रशासन और तत्कालीन प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि तत्कालीन कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के कार्यकाल में नियम-कानून को ताक में रखकर जिले को जैसे-तैसे चलाया गया और कई नियम विरूद्ध प्रभारों पर प्रशासनिक मोहर लगाई गई। पूर्व विधायक ने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालयों में बिना पद स्वीकृति लोगों को प्रभार और जिम्मेदारियां सौंपी गईं। पात्रता और नियमों की अनदेखी कर कार्यालयीन कार्यों में बैठाया गया, जबकि स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी बनी रही। उन्होंने आरोप लगाया कि कई स्कूलों से शिक्षकों को हटाकर कार्यालयों में अटैच कर दिया गया, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों की शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हुई। एकल शिक्षक स्कूलों की स्थिति और खराब होती गई, लेकिन प्रशासन ने इस ओर ध्यान देने के बजाय नियम विरुद्ध प्रभार देने में रुचि दिखाई। मनेन्द्रगढ़ विकासखंड़ में प्रभारी विकासखंड स्त्रोत समन्वयक के प्रभार को लेकर भी उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि नियम और पात्रता को दरकिनार कर परिवीक्षा अवधि में कर्मचारी को प्रभार दिया गया। शासन के नियमानुसार प्रभार और आहरण संवितरण का अधिकार स्थाई अधिकारी को ही दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि तत्कालीन कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के कार्यकाल में भी भारी अनियमितताएं हुईं। जिले को जैसे-तैसे चलाया गया और नियम विरुद्ध प्रभारों पर प्रशासनिक स्वीकृति दी गई। जब नियम सिर्फ कागजों तक सीमित रह जाएं, तब व्यवस्था पर सवाल उठना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक अव्यवस्था और मनमानी का परिणाम यह हुआ कि आज एमसीबी जिले की शिक्षा व्यवस्था पूरे छग में बदहाल स्थिति का उदाहरण बन चुकी है। पत्र कर्मचारियों की अनदेखी कर मनमाने तरीके से प्रभार दिए गए और शिक्षा व्यवस्था को कमजोर किया गया। पूर्व विधायक श्री कमरो ने पूरे मामले की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि शिक्षा व्यवस्था को नुकसान पहुंचाने वाले अधिकारियों और जिम्मेदार लोगों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, कार्रवाई नहीं होने पर न्यायालय की शरण लेंगे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकता और शिक्षा विभाग में हुए नियम विरूद्ध कार्यों की जवाबदेही तय होना आवश्यक है।



■ नियम विरुद्ध प्रभार पर पूर्व विधायक ने उठाए सवाल

### रोक्तिमा होंगी कोरिया की नई कलेक्टर

**बैकुण्ठपुर।** राज्य शासन द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारियों के तबादला आदेश में संशोधन करते हुए कोरिया जिले की नई कलेक्टर के रूप में श्रीमती रोक्तिमा यादव को पदस्थ किया गया है। गौरतलब है कि सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी पूर्व तबादला सूची में कोरिया कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी का स्थानांतरण किया गया था तथा उनके स्थान पर सुश्री पुष्पा साहू को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। बाद में जारी संशोधित आदेश में बदलाव करते हुए वर्ष 2016 बैच की आईएएस अधिकारी श्रीमती रोक्तिमा यादव को कोरिया जिले का नया कलेक्टर नियुक्त किया गया। वहीं पूर्व में कोरिया कलेक्टर पद के लिए पदस्थ की गईं सुश्री पुष्पा साहू, भाप्रसे 2012 को सचिव माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर की जिम्मेदारी दी गई है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 8 मई को संशोधित आदेश जारी किया।

# फर्जी डिजिटल उपस्थिति से मामले ने तूल पकड़ा

**बिजुरी।** जिले के शासकीय महाविद्यालय राजनगर में सार्थक ऐप के माध्यम से कथित फर्जी डिजिटल उपस्थिति दर्ज किए जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। लंबे समय से चल रहे इस खेल को लेकर अब जांच तेज हो गई है और कई अतिथि विद्वानों पर कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है।

सूत्रों के अनुसार कुछ अतिथि विद्वान महाविद्यालय में उपस्थित हुए बिना ही अपने गृह गांव अथवा जिले से बाहर रहते हुए सार्थक ऐप पर हाजिरी दर्ज कर रहे थे। मामले के सामने आने के बाद शिक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। जानकारी के मुताबिक कई शिक्षक ओडी यानी ऑफिसियल ड्यूटी के नाम पर कॉलेज से बाहर रहते थे, लेकिन उसी दौरान उनकी डिजिटल लोकेशन अन्य स्थानों की दिखाई दे रही थी। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि यदि संबंधित कर्मचारी विश्वविद्यालय अथवा विभागीय कार्य से बाहर भेजे गए थे तो उनकी उपस्थिति किसी दूसरे क्षेत्र से कैसे दर्ज हुई। बताया जा रहा है कि यह पूरा मामला कई महीनों से सुनियोजित तरीके से संचालित हो रहा था। सूत्रों के अनुसार इस पूरे मामले में कॉलेज प्रशासन की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। आरोप लगाए जा रहे हैं कि प्रभारी प्राचार्य के संरक्षण में यह व्यवस्था लंबे समय से चल रही थी, जिससे संबंधित कर्मचारियों में जवाबदेही खत्म होती गई। बिना कार्य किए वेतन लेने और शासन की राशि के दुरूपयोग को अब गंभीर वित्तीय अनियमितता के रूप में देखा जा रहा है। मामले की जांच फिलहाल लीड कॉलेज स्तर पर की जा रही है। जानकारी के अनुसार संदिग्ध पाए गए अतिथि विद्वानों का भुगतान रोक दिया गया है। जिन कर्मचारियों की लोकेशन कार्यक्षेत्र से बाहर मिली है, उनकी उपस्थिति काटी जा रही है और उनसे स्पष्टीकरण भी मांगा जा रहा है।




**नोटिस जारी करुंगा**

कुछ शिक्षकों को बच्चों के कार्य एवं विश्वविद्यालय संबंधी कामों के लिए मौखिक आदेश पर भेजा जाता था। उन्होंने कहा कि कुछ शिक्षक हमारे मौखिक आदेश से बच्चों के काम के लिए यूनिवर्सिटी जाते हैं। अगर उनका लोकेशन यूनिवर्सिटी का नहीं शो कर रहा है, तो मैं छुट्टी से लौटने के बाद नोटिस देकर जानकारी लूंगा।

-सुनील भोंसले, प्रभारी प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय राजनगर

# विश्व रेडक्रॉस दिवस पर बेलबहरा विद्यालय ने बढ़ाया जिले का मान

**मनेन्द्रगढ़।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलबहरा के जूनियर रेडक्रॉस के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नाटक प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस उपलब्धि से विद्यालय सहित पूरे जिले में हर्ष का वातावरण है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने सामाजिक जागरूकता और मानव सेवा पर आधारित प्रभावशाली नाटक की प्रस्तुति देकर निर्णायकों एवं उपस्थित दर्शकों की खूब सराहना बटोरी। छात्रों की मेहनत, अभिनय क्षमता और टीम भावना ने प्रतियोगिता में उन्हें विशेष पहचान दिलाई। विद्यालय परिवार ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की लगन, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा रेडक्रॉस गतिविधियों में निरंतर सहभागिता को दिया।




इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन, अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर आयोजित इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेशभर से विभिन्न विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया था, जिसमें बेलबहरा विद्यालय की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया।

### आंबा सहायिका पद पर भर्ती के लिए दावा-आपत्ति आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना नवागढ़ अंतर्गत नगर पंचायत शिवरीनारायण क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रं. 7 आजाद वार्ड में ऑगनबाड़ी सहायिका के 1 पद पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना नवागढ़ ने बताया कि जिसकी प्राविधिक मूल्यांकन सूची का प्रकाशन कार्यालयीन सूचना पटल पर कर दिया गया है। किसी अभ्यार्थियों को प्राविधिक सूची में आपत्ति हो तो वे 13 मई तक ऑनलाइन लिंक पर दावा-आपत्ति कर सकते है।






















**न्यायालय प्रधान जिला न्यायाधीश बलरामपुर, स्थान-रामानुजगंज जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)**
(पीठासीन अधिकारी-हेमंत सराफ)

**समंस**
(व्यवहार अपील अंतर्गत धारा 96 सिविल प्रक्रिया संहिता)

व्यवहार अपील प्रकरण क्रमांकः- 05/2025
प्रोसेस नम्बरः-860/30-04-2026
पेशी दिनांकः-11.05.2026

पक्षकार- अतबिरया ........ अपीलार्थीगण

विरूद्ध

रामसागर व अन्य ........ उत्तरवादीगण

प्रति,

आवेदक अतबरिया के द्वारा व्यवहार वाद प्रकरण इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। उसके पक्ष समर्थन में दस्तावेज भी प्रस्तुत की गयी है।

अतः अनावेदक क्रमांक-1. रजवन्ती पुत्री स्व. रामसागर पति देवन आयु लगभग 28 वर्ष निवासी ग्राम बड़का बरती थाना चलगली जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.) अनावेदक क्रमांक-2. बिफइया आत्मज हरिहर पत्नि जगदीश आयु 58 वर्ष निवासी ग्राम चंवरसरई तहसील वाड्रफनगर जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.) को इस समंस के जरिये सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा प्रस्तुत इस आवेदन के संबंध में आपको अपना पक्ष रखने हेतु अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होना है। उपरोक्त नियत तिथि एवं समय पर अनुपस्थित रहने की दशा में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही कर प्रकरण की सुनवाई की जा सकेगी।

यदि उक्त नियत तिथि को अवकाश घोषित हो जाता है या मैं अवकाश पर जाता हूं तो इस प्रकरण की सुनवाई आगामी तिथि पर की जायेगी।

**हेमंत सराफ**
प्रधान जिला न्यायाधीश
बलरामपुर, स्थान-रामानुजगंज (छ.ग.)













## खबर संक्षेप

### जानवी ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में जिले में 9वां और ब्लॉक में हासिल किया प्रथम स्थान



**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा 10 वीं परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है जिसमें सरगुजा में दुरस्त ग्रामीण क्षेत्र बटईकेला निवासी छात्रा जानवी गुप्ता ने सरगुजा के टॉप टेन में जगह बनाने के साथ ही पूरे बतौली विकासखंड में पहला स्थान प्राप्त किया है। शासकीय हाई स्कूल बटईकेला में अध्ययनरत 10 वीं की छात्रा बटईकेला निवासी जानवी गुप्ता आ. जयप्रकाश गुप्ता ने सरगुजा के टॉप टेन में 9 वां स्थान प्राप्त करने के साथ ही पूरे बतौली विकासखंड में पहला स्थान प्राप्त किया है। जानवी ने 93.17 प्रतिशत के साथ पूरे बतौली में टॉप किया है। मेघावी छात्रा जानवी गुप्ता ने ग्रामीण क्षेत्र में पढ़ाई के कम संसाधन उपलब्ध होने के बावजूद अच्छे परिणाम लाकर पूरे क्षेत्र का नाम रौशन किया है। जानवी गुप्ता ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता व गुरुजनों को दिया है। छात्रा के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम लाने पर स्कूल के प्रिंसिपल अरुण कुमार तिवारी, सीएमडीसी अध्यक्ष पंडित सुधा सिंधु वैध ने छात्रा की उज्वल भविष्य की कामना की है।

### जनजाति समाज के संत और महापुरुषों ने कभी अलग धर्म कोड की बात नहीं कही

**अम्बिकापुर।** जनजाति गौरव समाज के प्रदेश महामंत्री रामलखन सिंह सिंह पैकरा ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जनजाति समाज के राजा महाराजा पढ़े लिखे विद्वान, महापुरुष, स्वतंत्रता सेनानी भी सनातन समाज के संरक्षक की भूमिका में हमेशा रहे हैं। उन्होंने कहा कि महारानी दुर्गावती, भगवान बिरसा मुंडा, शहीद वीर नारायण सिंह, कार्तिक उरांव, पूजा भीम, तिलका मांझी, संत गहिरा गुरु और पद्मश्री माता राजमोहनी देवी जैसे अनेक प्रेरणा देने वाले जनजाति समाज के क्रांतिकारी वीर महापुरुष और समाज सेवक संतों ने कभी अलग धर्म कोड की बात नहीं कही। हमको जात-पात धर्म से ऊपर उठकर संत गहिरा गुरु, पद्मश्री माता राजमोहिनी देवी, बाबा कार्तिक उरांव, डॉ. भीमराव अंबेडकर, शहीद वीर नारायण सिंह जैसे महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलना है। वर्तमान मे कुछ तथाकथित लोग धर्म कोड को अलग करने को मांग के भाव भूमिका पर आंदोलन और धरना प्रदर्शन कर रहे है ऐसे लोगों से सावधान रहने की जरूरत है। श्री पैकरा ने कहा कि समाज को बटने वाले लोगों से दूरी बनाकर चलें। हमारे बाप-दादा पुरखा जिन्होंने जन्म दिया जिन्होंने हमें हमारे जन्म प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र और निवास प्रमाण पत्र में जो लिखा है इस बात को हम लोगों को वर्तमान जनगणना में बताना है।

### हज मे जाने वालों का अंजुमन गौसिया कमेटी द्वारा किया गया इस्तकबाल



**लखनपुर।** शुक्रवार को नमाज के बाद हज पर जाने वाले हुज्जाजे एकराम जनाब डॉ. सोएब आलम उदयपुर, शौकत साहब तारा का अंजुमन कमेटी द्वारा इस्तकबाल किया गया। हज के मुकद्दस सफर पर जाने वाले हाजियों का इस्तकबाल स्वागत फूल माला पहनाकर किया गया। कमेटी के सदस्य ने हज मुबारक बाद के साथ रुखसत विदा किया गया। लखनपुर जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती खालीदुल कादरी द्वारा हाजियों को हज के अरकान नियमों के बारे में मुकम्मल जानकारी दी गई। इस दौरान अंजुमन गौसिया कमेटी के सदर हाजी इदरीश खान, सेक्रेटरी नसरत अली, खजांची नूमान खान, पूर्व सदर हाजी कयामुद्दीन अंसारी, शराफत अली, नुरुलहोदा खान, रफीक खान, जहीरूद्दीन अंसारी, इरशाद खान आदि शामिल थे।

## चिकित्सकों के उपस्थित नहीं होने से बीमार पशुओं के इलाज में होती है देरी

# पशु चिकित्सालय में भारी अव्यवस्था, ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज. शंकरगढ़

पशुओं को भी आपातकालीन सेवा समय पर मिले इसके लिए शासन द्वारा पशु चिकित्सालय की स्थापना की है। शंकरगढ़ में भी पशु चिकित्सालय की स्थापना की गई है जिसका लाभ क्षेत्र के पशुपालकों सहित विभिन्न घटनाओं में घायल हुए पशुओं को मिल सके। हैरानी की बात यह है कि पशु चिकित्सालय में भारी अव्यवस्था के कारण बीमार पशुओं को लाभ नहीं मिल पा रहा है। आलम है कि अस्पताल में पदस्थ पशु चिकित्सकों के समय पर अस्पताल में मौजूद नहीं होने के कारण पशु पालकों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पशु चिकित्सालय की अव्यवस्था पर क्षेत्र के लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। लोगों ने प्रशासन से पशु चिकित्सालय की व्यवस्था में सुधार किए जाने की मांग की है।

शंकरगढ़ क्षेत्र के पशुपालकों के लिए संचालित पशु चिकित्सालय शंकरगढ़ एक बार फिर लापरवाही और अनियमितताओं को लेकर सुर्खियों में है। लोगों का आरोप है कि पशु चिकित्सा अधिकारी न तो समय पर उपस्थित रहते हैं और न ही लोगों के फोन कॉल का जवाब देते हैं, जिससे ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गत दिनों ग्राम सिहार निवासी एवं जनपद सदस्य अमीन साय अपने बीमार पशु के उपचार हेतु सुबह लगभग 7.30 बजे पशु चिकित्सालय पहुंचे। उन्होंने बताया कि उस समय अस्पताल परिसर में कोई भी जिम्मेदार अधिकारी मौजूद नहीं था। काफी देर इंतजार करने के बाद उन्होंने पशु चिकित्सा अधिकारी को तीन से चार बार फोन किया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं किया गया। अमीन साय ने कहा जब एक जनप्रतिनिधि का फोन नहीं उठाया जा रहा है तो आम ग्रामीणों की समस्या का अंदाजा लगाया जा सकता है। ऐसी लापरवाही पशुपालकों के लिए गंभीर संकट बन सकती है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### ग्रामीणों ने की अस्पताल की व्यवस्था सुधारने की मांग




### निजी खर्च पर कराते है इलाज

पशु चिकित्सालय की कार्यप्रणाली को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि जब उनके पशु बीमार पड़ते हैं, तो उन्हें सरकारी पशु अस्पताल से समय पर इलाज नहीं मिल पाता, जिसके चलते उन्हें मजबूरी में निजी चिकित्सकों के पास जाकर पैसे खर्च करने पड़ते हैं। कई ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि शासन की विभिन्न पशु स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर तक नहीं पहुंच पा रहा है।

### कार्यालय का मुख्य द्वार बना पार्किंग एरिया

ग्रामीणों का कहना है कि पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा अपनी चारपहिया वाहन को चिकित्सालय के मुख्य गेट के सामने खड़ा कर दिया जाता है। इससे अस्पताल आने वाले पशुपालकों और को अंदर-बाहर आने में काफी परेशानी होती है। लोगों का कहना है कि सरकारी कार्यालय का मुख्य प्रवेश द्वार ही निजी पार्किंग स्थल में तब्दील कर दिया गया है, जो न केवल अनुचित है बल्कि लोगों के लिए सुविधाजनक भी है।

### जांच और कार्रवाई की मांग

पशु चिकित्सालय शंकरगढ़ पहले भी कई बार अव्यवस्थाओं और लापरवाही को लेकर विवादों में रह चुका है। बावजूद इसके, स्थिति में कोई ठोस सुधार नहीं आ रहा है। जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि पशु चिकित्सालय में नियमित रूप से डॉक्टर और स्टाफ उपस्थित रहें, ताकि पशुपालकों को समय पर और बेहतर उपचार मिल सके।

### बीमार पशुओं का किया जाता है इलाज

शंकरगढ़ पशु चिकित्सालय में दो पशु चिकित्सक पदस्थ है जिनके द्वारा क्षेत्र के बीमार पशुओं का उपचार किया जाता है और किसी प्रकार की शुल्क नहीं लिया जाता है। संस्था में बीमार पशुओं का उपचार करने पर शासन से निर्धारित शुल्क जमा कराया जाता है। शासन के विभिन्न योजनाओं का लाभ पशुपालकों को दिया जा रहा है। पशु चिकित्सक एवं स्टाफ की रहने की आवासीय व्यवस्था नहीं होने के कारण चिकित्सालय बंद होने के बाद सुरक्षा की दृष्टि से वाहन को सामने रखा जाता है।

डॉ. एमएस मरकाम, प्रभारी पशु चिकित्सालय शंकरगढ़

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 100 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में, गूंजी शहनाइयां और हुई पुष्प वर्षा

हरिभूमि न्यूज. सूरजपुर

समाज के आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के हाथ पीले करने की पवित्र भावना के साथ शुरू की गई मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत जिले में आयोजित भव्य सामूहिक विवाह समारोह में 100 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। विधि-विधान एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुए इस आयोजन में मंत्रोच्चार के बीच फेरे, सिंदूरदान एवं वरमाला की रस्में पूरी कराई गईं। समारोह स्थल पर शहनाइयों की गूंज, बैंड-बाजों की धुन एवं पुष्प वर्षा के बीच नवदंपत्तियों ने एक-दूसरे का जीवन भर साथ निभाने का संकल्प लिया।

मुख्य अतिथि मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने सभी नवविवाहित जोड़ों को सुखमय एवं समृद्ध दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विवाह जीवन का सबसे पवित्र संस्कार है, जो दो आत्माओं को सात जन्मों के बंधन में बांधता है। उन्होंने बताया कि राज्य शासन द्वारा इस वर्ष दो चरणों में सामूहिक विवाह कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद परिवारों तक इस कल्याणकारी योजना का लाभ पहुंच सके।



मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने अपने उद्बोधन में महिला सशक्तिकरण पर विशेष बल देते हुए कहा कि आत्मनिर्भर महिला, सशक्त परिवार और समृद्ध समाज की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर न केवल अपने परिवार को आर्थिक एवं सामाजिक रूप से मजबूत करती हैं, बल्कि राष्ट्र निर्माण एवं समाज के सर्वांगीण विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। विवाह के पश्चात पारिवारिक दायित्व बढ़ जाते हैं और स्वावलंबी महिलाएं इन जिम्मेदारियों का बेहतर निर्वहन कर परिवार को सशक्त एवं सुदृढ़ बनाती हैं। उन्होंने नवदंपत्तियों से शासन की महिला सशक्तिकरण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने की बात कही। वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा ने अपने संबोधन में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना को समाज के जरूरतमंद परिवारों के लिए वरदान स्वरूप पहल बताया। उन्होंने कहा कि यह योजना उन परिवारों के लिए बड़ा सहारा है, जो आर्थिक तंगी के कारण अपनी बेटियों का विवाह सम्मानजनक ढंग से नहीं कर पाते। उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय को बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति विस्तार से जागरूक किया तथा जिले को बाल विवाह मुक्त जिला बनाने का संकल्प दिलाया।

## शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर पुलिस सख्त 25369 लोगों पर कार्रवाई

**सूरजपुर।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस लगातार सघन वाहन चेकिंग का अभियान चला रही है। इस दौरान पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वालों सहित यातायात नियमों का उल्लघंन करने वाले चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की। वर्ष 2026 में अब तक शराब पीकर वाहन चलाने के 219 प्रकरणों में वाहन जप्ती की कार्रवाई कर चालान न्यायालय पेश किया गया जहां से चालकों को 20 लाख 1 हजार रूपये का जुर्माना हुआ है। इसके अलावे बिना हेलमेट के 2250 प्रकरण, बिना सीट बेल्ट के 2250 प्रकरण सहित कुल 25369 प्रकरणों में 86 लाख 65 हजार 200 रुपये का समन शुल्क वसूल किया गया। इसी क्रम में 6-7 मई को यातायात प्रभारी द्वारा कर्मा चौक व अग्रसेन चौक के चेकिंग प्वाइंट पर इनोवा वाहन क्रमांक सीजी 13 एई 1810 एवं पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 15 सीवाय 6344 के चालक को शराब के नशे में पाया। वाहनों को जब्त कर धारा 185 का इस्तगासा तैयार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से इनोवा चालक को 10 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया।

## योग जीवन का आधार, कार्यों में लाता है कुशलता - सांसद चिंतामणि



**रामानुजगंज।** पतंजलि कायाकल्प योग कक्षा द्वारा नियमित रूप से संचालित निःशुल्क योग कक्षा में सांसद चिंतामणि महाराज ने सहभागिता करते हुए योगी भाई-बहनों एवं बच्चों के साथ योग और प्राणायाम किया। इस दौरान उन्होंने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय में योग प्रत्येक व्यक्ति के जीवन की आवश्यकता ही नहीं, बल्कि अनिवार्यता बन चुका है।

सांसद चिंतामणि महाराज ने कहा कि योग से व्यक्ति के दैनिक कार्यों में कुशलता आती है तथा वह अपने कार्यों को अधिक क्षमता और बेहतर दक्षता के साथ संपन्न कर सकता है। उन्होंने पतंजलि कायाकल्प योग कक्षा द्वारा नियमित रूप से निःशुल्क संचालित योग कक्षा की सराहना की। योग कक्षा संचालिका आरती ज्ञानेंद्र कुमार बाजपेई ने बताया कि वर्तमान में संचालित योग कक्षा की स्थापना स्व.डॉ. पवन सिंघल द्वारा 9 मार्च 2019 को मध्यप्रदेश के अशोकनगर जिले में की गई थी, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने योग के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि समिति योग के साथ-साथ हवन, वृक्षारोपण, रक्तदान शिविर, गौ सेवा एवं स्वच्छता अभियान जैसे सामाजिक कार्य भी समय-समय पर संचालित करती है। प्रत्येक पूर्णिमा एवं विशेष धार्मिक अवसरों पर सामूहिक हवन का आयोजन भी किया जाता है।

## ईश्वर को केवल सच्चा प्रेम एवं समर्पण पसंद

**अम्बिकापुर।** श्री रामकृष्ण विवेकानन्द सेवा आश्रम में आयोजित दो दिवसीय राम कथा में रामकृष्ण मिशन भुज के अध्यक्ष स्वामी सुखानंद महाराज ने भगवान श्रीराम की बाल लीला, धनुष यज्ञ , शबरी प्रसंग एवं नवधा भक्ति का मार्मिक वर्णन किया। स्वामी जी ने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन मानवता, मर्यादा एवं आदर्शों की अनुपम प्रेरणा है। शबरी की निष्कपट भक्ति हमें सिखाती है कि ईश्वर को केवल सच्चा प्रेम और समर्पण प्रिय है।उन्होंने नवधा भक्ति के माध्यम से सत्संग, कथा श्रवण, गुरु सेवा, भगवान का गुणगान, मंत्र जाप, संयम, संतोष, सरलता एवं पूर्ण विश्वास जैसे आध्यात्मिक मार्गों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। धनुष यज्ञ प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि भगवान श्रीराम द्वारा शिव धनुष भंग करना धर्म एवं सत्य की विजय का प्रतीक है।कथा के द्वितीय दिवस उन्होंने गिद्धराज जटायु प्रसंग, सुरसा एवं हनुमान प्रसंग, लंकिनी और हनुमान संवाद तथा रावण और राम के चरित्र का विस्तृत वर्णन किया । स्वामी जी ने कहा कि हनुमान जी का चरित्र शक्ति, सेवा, विनम्रता एवं पूर्ण समर्पण का अद्भुत उदाहरण है वहीं रावण का जीवन अहंकार के दुष्परिणामों को दर्शाता है।उन्होंने जटायु प्रसंग के माध्यम से त्याग एवं धर्म रक्षा का संदेश दिया तथा बताया कि भगवान श्रीराम ने जटायु को पिता तुल्य सम्मान देकर मानवता का सर्वोच्च आदर्श प्रस्तुत किया है। सुरसा एवं लंकिनी प्रसंगों के माध्यम से हनुमान जी की बुद्धिमत्ता, धैर्य एवं भक्ति की महिमा का वर्णन किया ।



### तेज डायग्नोस्टिक सेंटर में विशेषज्ञ चिकित्सक आज

**अम्बिकापुर।** तेज डायग्नोस्टिक एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल में रविवार दिनांक 10 मई 2026 को मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ.भुवन शर्मा, रक्त रोग विशेषज्ञ डॉ.निहार गुप्ता, ब्रेन एवं स्पाईन सर्जन, एण्डोस्कोपिक न्यूरो सर्जन डॉ.महावीर सिंह जौहरी संबंधित रोगों से पीड़ित मरीजों के उपचार हेतु एवं परामर्श के लिए तेज डायग्नोस्टिक सेंटर एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल, जोड़ा तालाब के सामने बाबूपारा अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### पहाड़ी नाले के...

रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने विनोद कोरवा सहित अन्य ग्रामीणों को बुलाकर कंकालों की पहचान कराई। कपड़ों के आधार पर परिजन ने नरकंकालों की पहचान 6 सालों से लापता विनोद कोरवा आ.रवि कोरवा एवं ज्योति गोड़ आ.तारा सिंह गोड़ के रूप में की है। बताया जा रहा है कि विनोद एवं ज्योतिक के बीच लम्बे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था तथा परिजन के दबाव में दोनों छिप छिप कर आपस में मिलते थे। पुलिस परिजन के दबाव में युगल प्रेमी द्वारा जंगल में फांसी लगाने का संदेह व्यक्त कर रही है। सवाल उठ रहा है कि युगल द्वारा फांसी लगाने पर शव पेड़ या आसपास में जमीन पर मिलता। दोनों का शव एक ही स्थान पर घनी झाड़ियों के बीच गहरे गड्ढे में कैसे पहुंच गया। शव नाले में होता तो पहाड़ी नाले के बहाव में बहकर दूर पहुंच गया होता। नाले के दोनों ओर खेतों में किसान सब्जियों की खेती करते हैं। आसपास में शव पड़ा होने एवं दुर्गंध आने पर इसकी जानकारी तुरंत मिल सकती थी। आसपास के किसान इस तरह की घटना से अनभिज्ञता जाहिर कर रहे हैं। ऐसे में दोनों की ही हत्या कर शव झाड़ी के पास गहरा गड्ढा खोदकर दफनाने की संभावना जताई जा रही है। स्थिति जो भी हो फिलहाल इस मामले को लेकर पुलिस उलझी हुई महसूस कर रही है तथा हकीकत का पता लगाने दोनों का ही डीएनए टेस्ट कराने का निर्णय ली है।

### कामोदा रिसार्ट में...

मद की 30-40 डिसमिल भूमि पर अवैध रूप से कब्जा किया गया है। इस प्रकरण की सुनवाई तहसीलदार न्यायालय में हुई थी और तहसीलदार न्यायालय से शासकीय भूमि से बेदखली का आदेश जारी हुआ था। संचालक को 248 के तहत बेदखली का नोटिस भी जारी हो चुका है। 1 अप्रैल को नोटिस जारी होने के बाद दो दिन पूर्व अंतिम नोटिस चस्पा किया गया था। नोटिस चस्पा होने के बाद एसडीएम बन सिंह नेताम के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम भारी पुलिस बल और बुलडोजर लेकर फुन्दुरडिहारी स्थित कामोदा रिसोर्ट पहुंची हुई थी। टीम के पहुंचने पर संचालकों ने हंगामा शुरू कर दिया। शुरुआत उन्होंने दावा किया कि उन्हें कोई नोटिस नहीं मिला है इसके साथ ही उन्होंने अपनी ही जमीन पर निर्माण किए जाने की बात कही। घंटों चले हंगामे के बाद आखिरकार संचालक राजेश कुमार गुप्ता ने अपने दस्तावेज फिर से पेश करने और अतिक्रमण हटाने के लिए दो दिन का समय मांगा जिसके बाद अधिकारियों ने कार्रवाई रोक दी और बुलडोजर को वापस भेज दिया गया। अमरजीत भगत ने उठाए सवाल बड़ी बात यह है कि हंगामे के बीच होटल संचालक ने पूर्व मंत्री अमरजीत भगत को मामले की सूचना दी। सूचना मिलने के बाद पूर्व मंत्री श्री भगत भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने इस कार्रवाई को गलत बताया। उन्होंने अधिकारियों से पूछा कि बिना नोटिस दिए ही तोड़ने पहुंच गए। जब बेदखली का आदेश 2025 में हुआ था तो अधिकारी अभी तक क्या कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी के साथ न्याय होना चाहिए और अधिकारी प्रक्रिया का पालन करें। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को जमकर खरी खोटी भी सुनाई।

### झुमरपारा से करंजी...

जानकारी उपलब्ध कराई गई। इस संबंध में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष रामानन्द जायसवाल ने बताया कि सड़क की समस्या को लेकर ग्रामवासियों के साथ लगातार हड़ताल किया गया साथ ही अधिकारियो से भी लगातार सपर्क में रहे। एसईसीएल भटगांव के सीएसआर मद से इस सड़क के लिए 5 करोड़ स्वीकृति हो गई है और जल्द कार्य शुरू कराया जाएगा। वहीं पूर्व जिला पंचायत सदस्य सत्यनारायण जायसवाल ने बताया कि लगातार मेहनत और ग्रामवासियों के दबाव में आकर एसईसीएल से सड़क की स्वीकृति मिल गई है। अब करंजी स्टेशन जाने और इस सड़क पर आवागमन करने वाले के लिए रास्ता सुलभ होगा। साथ ही सड़क अच्छे क्वालिटी का बने इस पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। स्वीकृति मिलने से लोगों में खुशी सड़क निर्माण की स्वीकृति मिलने के बाद ग्रामीणों में उत्साह देखा जा रहा है। लोगों का कहना है कि वर्षों से खराब सड़क के कारण उन्हें आर्थिक और सामाजिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। अब सड़क बनने से क्षेत्र में यातायात सुगम होगा और राहत मिलेगी। व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा, साथ ही रेलवे साइडिंग तक भारी वाहनों की आवाजाही आसान हो जाएगी।

## साई कॉलेज में मना विश्व रेडक्रॉस दिवस



अम्बिकापुर। साई बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि सेवा का प्रतिफल हमेशा कल्याणकारी होता है। रेडक्रॉस सेवा और करूणा का पर्याय है। उन्होंने पेनसिलीन के आविष्कार की कहानी से अवगत कराया। सर अलेक्जेंडर फ्लेमिंग ने १९२८ में लंदन के सेंट मैरी अस्पताल में अथक परिश्रम से किया था। यह दुनिया की पहली एंटीबायोटिक दवा है, जिसकी खोज एक फंगस (पेनिसिलियम नोटेटम) से अचानक हुई। जब उन्होंने देखा कि फंगस ने बैक्टीरिया के विकास को रोक दिया। डॉ. श्रीवास्तव ने यूथ रेडक्रॉस के विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इंटरनेशनल रेड क्रॉस सोसाइटी की स्थापना १७ फरवरी १८६* को स्विट्जरलैंड के जेनेवा में हेनरी ड्यूनेंट द्वारा की गई थी। ८ मई को विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया जाता है।यूथ रेडक्रॉस प्रभारी डॉ. एलपी गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को कर्तव्य एवं दायित्व के प्रति प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन रासेयो कार्यक्रम प्रभारी देवेन्द्र दास सोनवानी ने किया। इस दौरान स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. अजय कुमार तिवारी, सहायक प्राध्यापक सोनाली गोस्वामी तथा चांदनी व्यापारी उपस्थित रहीं।


## विभित्र पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित
## (एन ई. आर. डी. सी. एजुकेशनल काउंसिल बिलासपुर छ.ग.)
(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान) (रजि.U85499CT2023NPL015-480)

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के विभिन पाठ्यक्रमों में 12वी के प्राप्तांको के अनुसार (एन.ई.आर.डी.सी.) एजुकेशनल काउंसिल संचालित विभित्र सहयोगी पाठ्यकमों मे (सत्र 2026-27) मे प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित है।

उपलब्ध विभित्र प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के नाम

| D.M. L.T. | W.B.A. | M.P.H.W. | C.O.T. | G.D.A. | E.M.T. | C.O.D. | DIALYSIS |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निशियन | वार्डबाय असिसटेट | मल्टीपरपस हेल्थ वर्कर | सर्टिफिकेट इन आपरेशन टेक्निशियन | जनरल ड्यूटी असिंसटेट | इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन | सर्टिफिकेट इन मेडिकल ड्रेसर | डिप्लोमा डायलिसिस टेक्निशियन |

आवेदन हेतु 12वी कक्षा मे न्युनतम प्रतिशत:- 40% .विकलागं/सैनिक/स्व.संग्राम सेनानी वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है।

नोट:-

1. आवेदक .निम्न दिए गए आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्यूटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूण विवरण स्पष्ट रूप से भरे। साथ ही 25 रू का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफा में अपना स्वय का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिख कर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे।(आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक एक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. जो विधार्थी सत्र 2026 में 12वी उत्तीर्ण किये है वह विधार्थी इन्टरनेट कम्प्यूटर प्रिंट कराकर छायाप्रति संलग्न कर सकता है।
3. चयनित उम्मीदवारो को फोन अथवा कॉल लेटर द्वारा काउंसिलिग हेतु सूचित किया जाएगा।
4. केवल आवेदक ही काउंसिलिग हेतु पात्र होगे।
5. छ.ग. के किसी भी जिले के विधार्थी आवेदन कर सकते है।

* आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि: 30.06.2026 तक
* कार्यालय का पता:- **NERDC** एजुकेशनल काउंसिल बिलासपुर छ.ग.
(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान)
पिन- 495001

प्रति,
संचालक,
**NERDC** एजुकेशनल काउंसिल
मध्यनगरी चौक बिलासपुर छ.ग
महोदय,

पासपोर्ट साइज फोटो

.............................................(पाठ्यकम का नाम) मे चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा/रही हूँ।

1. आवेदक का नाम ..............................................................
2. पिता/पति का नाम..............................................................
3. जन्म तिथि अंको मे..............................................................
4. अनु.जाति/अनु.जनजाति/पिछडा वर्ग / सामान्य..............................................
5. पत्र व्यवहार का पता पिन कोड सहित..............................................
6. मो.न.................................व्हाब्सएप नंबर.................................
7. शैक्षणिक योग्यता..............................................................

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

NERDC EDUCATIONAL COUNCIL BILASPUR (C.G.) 495001

## खबर संक्षेप

### लॉटरी प्रक्रिया से हुआ आरटीई एवं शासकीय कोटे की सीटों का चयन



**भैयाथान।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जमड़ी में शिक्षा का अधिकार एवं शासकीय कोटे अंतर्गत प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। विद्यालय में आरटीई के तहत 23 सीट तथा शासकीय कोटे की 7 सीटों सहित कुल 30 सीटों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे। विद्यालय को कुल 35 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें अनुसूचित जनजाति वर्ग के 8 पात्र आवेदनों को नियमानुसार स्वीकृति प्रदान की गई। शेष 22 सीटों के लिए पारदर्शी प्रक्रिया के तहत छोटे बच्चों से लॉटरी निकालकर चयन किया गया। विद्यालय प्रबंधन द्वारा बताया गया कि प्रवेश प्रक्रिया शासन के निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराई गई। इस प्रक्रिया के दौरान शिक्षा समिति के अध्यक्ष राजीव प्रताप सिंह, नायब तहसीलदार प्रियंका टोप्पो, बीएमओ डॉ. राकेश सिंह, बीईओ फुलसाय मराबी, बीआरसी सुरेंद्र दुबे, एबीइओ घनश्याम सिंह व डीएवी प्राचार्य सहित काफी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

### कुशवाहा समाज ने मेधावी छात्र विनय कुमार का किया सम्मान



**भैयाथान।** कुशवाहा समाज द्वारा कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र विनय कुमार कुशवाहा का सम्मान किया गया। कुशवाहा समाज के जिला अध्यक्ष सनलीत कुशवाहा के नेतृत्व में समाज के लोगों ने विनय के निज निवास कुशवाहापारा सिरसी पहुंचकर मिठाई खिलाई तथा शॉल-श्रीफल भेंट कर उत्साहवर्धन किया। ज्ञात हो कि छात्र विनय कुमार कुशवाहा ने हाईस्कूल परीक्षा में 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में 9वां स्थान तथा संस्था स्तर पर प्रथम स्थान हासिल कर क्षेत्र एवं समाज का नाम गौरवान्वित किया है। जिला अध्यक्ष सनलीत कुशवाहा ने कहा कि समाज प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए सदैव तत्पर है। उन्होंने कहा कि विनय की आगे की पढ़ाई में किसी भी प्रकार की आवश्यकता होने पर समाज हर संभव सहयोग प्रदान करेगा। जिला कुशवाहा समाज की ओर से संस्था के प्राचार्य दिलीप कुमार राय एवं शिक्षकों को भी छात्र की इस सफलता के लिए बधाई दी। इस अवसर पर धीरेंद्र कुशवाहा, रामेश्वर कुशवाहा, प्रभु नारायण कुशवाहा, रमाकांत कुशवाहा, राम कुमार कुशवाहा, अवध कुशवाहा, राम कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

### हर माह के दूसरे शनिवार को सजता सेवा का भंडारा,15 सौ श्रद्धालु ग्रहण कर रहे प्रसाद



**भैयाथान।** ब्लॉक मुख्यालय में धार्मिक आस्था, सेवा और सामाजिक समरसता का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। श्री हनुमंत सेवा समिति द्वारा पिछले आठ माह से प्रत्येक माह के दूसरे शनिवार को भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक सेवा में क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में जुड़ रहे हैं।समिति द्वारा आयोजित भंडारे में प्रतिमाह लगभग 1 हजार से 15 सौ श्रद्धालु पहुंच कर प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। इसी क्रम में बीते शनिवार को राम जानकी मंदिर के समीप समिति के सदस्यों ने श्रद्धालुओं के बीच भंडारा वितरण किया। आयोजन में बड़ी संख्या में लोगों ने शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। समिति के सदस्यों ने बताया कि यह आयोजन भगवान हनुमान की भक्ति, सामाजिक एकता एवं मानव सेवा की भावना को समर्पित है।

## कार्रवाई के अभाव में रेत माफिया के हौसले बुलंद, तड़के से हो जाते है सक्रिय

# महान नदी में रेत माफिया का कब्जा, अवैध उत्खनन कर खपा रहे आसपास क्षेत्रों में

हरिभूमि न्यूज. राजपुर

क्षेत्र में एक बार फिर रेत माफिया सक्रिय हो गए है जो न सिर्फ नदियों से अवैध उत्खनन कर रहे है बल्कि बड़ी संख्या में ट्रैक्टर सहित अन्य वाहनों से आसपास के क्षेत्रों के अलावा दूसरे प्रदेश में रेत खपा रहे है। कुछ इस तरह की स्थिति महान नदी की है जहां रेत के अवैध उत्खनन जोरों पर है बावजूद इसके किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जा रही जिससे रेत माफियाओं के हौसले बुलंद हो गए है। गर्मी के इसी मौसम में नदी का जल स्तर कम होने से रेत तस्कर तड़के से देर शाम तक सक्रिय हो जाते है। जिस तरह से नदी से रेत निकाला जा रहा उससे अब नदी के अस्तित्व पर भी खतरा मंडराने लगा है।

राजपुर में माफिया का हौसला अफसरों की लापरवाही के कारण लगातार बढ़ता जा रहा है और यहां नदियों का अस्तित्व खतरे में है। राजपुर जनपद पंचायत क्षेत्र स्थित ग्राम पंचायत धंधापुर से होकर पहले वाली महान नदी में रेत माफिया ने कब्जा कर लिया है। यहां रेत घाट से हर रोज बड़ी संख्या में ट्रैक्टर और दूसरे बड़े वाहनों के माध्यम से रेत की तस्करी की जा रही है। सुबह 5 बजे से ही रेत माफिया नदी में सक्रिय हो जा रहें हैं और पूरे दिन के अलावा देर शाम तक नदी से रेत निकाला जा रहा है। धंधापुर के महान नदी रेत घाट से रेत निकाल कर उसे अंबिकापुर तक पहुंचाया जा रहा है। इसके अलावा बरियों, आरा, धौरपुर, लुंड्रा इलाके में प्रतिदिन सौ से दो सौ वाहनों से रेत निकाला जा रहा है। हर रोज लगभग पांच लाख का रेत निकाल कर तस्करी की जा रही है। करीब माह में डेढ़ से दो करोड़ का रेत यहां से निकल रहा है और पुरे गर्मी सीजन में छिंदियाडांड घाट से करोड़ों की रेत तस्करी हो रही है बावजूद इसके खनिज और राजस्व विभाग का अमला द्वारा किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं कर रहा है।

### देर शाम तक नदी से निकालते हैं रेत



### शासकीय कार्य के नाम पर कर रहे तस्करी

रेत तस्कर सिर्फ प्रधानमंत्री आवास योजना और सरकारी निर्माण कार्यों के नाम पर रेत का अवैध खनन कराकर उसे बेच रहें हैं। दूसरी तरफ अंबिकापुर के लिए रेत अंबिकापुर प्रतापपुर मुख्य मार्ग से होते हुए जाता है। लेकिन खड़गवा पुलिस भी कार्रवाई नहीं करती है। अंबिकापुर प्रतापपुर रोड़ पर हर घंटे 10-15 वाहन अवैध तरीके से रेत की तस्करी करते नजर आ सकते है लेकिन जिले का खनिज व राजस्व अमला कार्रवाई नहीं कर रहा है। छिंदियाडांड घाट से इसी मार्ग में रेत लोड कर गाड़ी अंबिकापुर जा रहीं हैं। इसके अलावा महान नदी के खड़गवा घाट में माफिया कब्जा कर अंबिकापुर रेत की सप्लाई करते है।

### धारासायी होने के कगार पर करोड़ो का पुल

पांच साल पूर्व ही लगभग 10 करोड़ की लागत से महान नदी में पुल बनाया गया है लेकिन अब रेत के अवैध खनन की वजह से पुल का पीलर तक कमजोर होने लगा है। पीलर का करीब 5 फ्रीट हिस्सा जमीन के नीचे से ऊपर आ गया है। ऐसे में ज़ब बड़ी गाड़ियां गुजरती हैं तो अब पुल हिलने लगा है। बावजूद इसके लोक निर्माण विभाग का सेतु संभाग भी खामोश है। माना जा रहा है कि ऐसे में कभी भी पुल डैमेज होकर धारासायी हो सकता है।

### टीम बनाकर करेंगे कार्रवाई

राजस्व और खनिज विभाग की टीम बनाकर रेत तस्करी रोकने काम किया जाएगा। साथ ही नदी को बचाया जाएगा। रेत माफियाओं के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**देवेंद्र प्रधान,**
एसडीएम राजपुर

## सुशासन तिहारः 16 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण हुए शामिल, रखी समस्याएं



**शंकरगढ़।** ग्राम पंचायत दोहना में शुक्रवार को सुशासन तिहार का आयोजन किया गया, जहां शासन-प्रशासन द्वारा ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और अपनी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। सुशासन तिहार में राजस्व, पंचायत, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, कृषि, विद्युत, खाद्य, पशुपालन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और योजनाओं की जानकारी भी दी।

सुशासन तिहार में कुल 148 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें भूमि सीमांकन, राशन कार्ड, पेंशन, प्रधानमंत्री आवास, मनरेगा भुगतान, विद्युत समस्या, पेयजल, सड़क निर्माण, स्वास्थ्य सुविधा एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं से जुड़े आवेदन शामिल रहे। अधिकारियों द्वारा कई आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागों को शीघ्र कार्रवाई के लिए सौंपा गया। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि लंबित आवेदनों का जल्द से जल्द निराकरण किया जाएगा। शिविर में 16 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण शामिल हुए और ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं सीधे प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के समक्ष रखीं। ग्रामीणों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन से उन्हें अपनी बात शासन तक पहुंचाने का अवसर मिलता है तथा समस्याओं के समाधान की पqरक्रिया भी तेज होती है। इस अवसर पर सामरी विधायक उद्देश्वरी पैकरा ने कहा कि सुशासन तिहार का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना एवं शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि शासन ग्रामीण क्षेत्रों के विकास एवं आम जनता की सुविधाओं को लेकर लगातार कार्य कर रहा है।

## ओडगी सेंट्रल बैंक में प्रबंधक के न रहने से ग्रामीण को हो रही है परेशानी

हरिभूमि न्यूज. ओड़गी

मुख्यालय के सेंट्रल बैंक में ओडगी प्रबंधक का ट्रांसफर हो जाने के बाद लगभग एक महीना के बाद भी नए प्रबंधन के जॉइनिंग न करने के कारण क्षेत्र की ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मुख्यालय होने के कारण क्षेत्र के ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव एवं क्षेत्र के कर्मचारियों को भी अन्य समस्याओं को लेकर इंतजार करना पड़ रहा है। दूर दराज के ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि प्रबंधक के न बैठने के कारण हम लोगों को बैंक का चक्कर लगाना पड़ रहा है।

बैंक के कर्मचारियों द्वारा बताया जा रहा है कि बैंक के प्रबंधक अभी तक जॉइनिंग नहीं किए हैं जॉइनिंग न करने के कारण परेशानी हो रही है। क्षेत्र के ग्रामीण का कहना है कि इस विषय में किसी प्रकार के बैंक के उच्च अधिकारी पहल नहीं कर रहे हैं जिससे ग्रामीण दर-दर इस गर्मी में भटकने को मजबूर है अब देखने वाली बात यह है कि उच्च अधिकारी कब तक इस मामले को संज्ञान लेते हैं और प्रबंधक कब जॉइनिंग करते हैं




### एक ही है सेंट्रल बैंक

मुख्यालय में सेंट्रल बैंक एक होने के कारण बड़ी संख्या में ग्रामीणों का खाता सेंट्रल बैंक से संचालित होता है। ऐसे में खाता धारक बैंक में कई समस्याओं को लेकर आते हैं परंतु प्रबंधक के न होने के कारण ग्रामीणों की समस्या का निदान नहीं हो पा रहा है और न ही बैंक की योजनाओं की जानकारी नहीं मिल पा रही है जिससे ग्रामीण परेशान है।

## नगर पंचायत शिवनंदनपुर में 1 जून को होगा मतदान, 4 जून को मतगणना

**बिश्रामपुर।** छत्तीसगढ़ की राजनीति और स्थानीय प्रशासनिक हलकों में एक बार फिर चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरपालिकाओं और त्रिस्तरीय पंचायतों के आम एवं उप निर्वाचन की बहुप्रतीक्षित समय-सारणी जारी कर दी है। आयोग द्वारा जारी आदेश के बाद नगर पंचायत शिवनंदनपुर में चुनावी माहौल पूरी तरह गर्म हो गया है। निर्वाचन भवन नवा रायपुर अटल नगर से जारी आदेश के अनुसार यह चुनाव प्रक्रिया मई से जून तक चरणबद्ध तरीके से पूरी की जाएगी।राज्य निर्वाचन आयोग की सचिव शिखा तिवारी द्वारा जारी आदेश में चुनाव की औपचारिक शुरुआत 11 मई से होगी। इसी दिन जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्वाचन की सूचना जारी की जाएगी तथा सीटों के आरक्षण और मतदान केंद्रों की सूची का प्रकाशन भी किया जाएगा। नामांकन प्रक्रिया भी 11 मई से शुरू होकर 18 मई तक चलेगी। प्रत्याशी प्रतिदिन सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3 बजे तक अपने नाम निर्देशन पत्र जमा कर सकेंगे। इसके बाद 19 मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 21 मई तक उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकेंगे। इसी दिन अंतिम प्रत्याशी सूची जारी कर चुनाव चिन्हों का आबंटन भी किया जाएगा। निर्वाचन आयोग के आदेश के मुताबिक मतदान 1 जून सोमवार को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक कराया जाएगा,इसके पश्चात 4 जून को चुनाव के परिणाम आएंगे,इस दिन सुबह 9 बजे से मतगणना शुरू होगी और नगर निकाय के परिणाम घोषित किए जाएंगे।

- 11 मई से चुनावी प्रक्रिया होगी शुरू

## कृषक शिविर में किसानों को आधुनिक खेती की दी गई जानकारी



**मानीचौक।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत ग्राम पोंडी में कृषक शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में केतका, लाछा, जोबगा, पोंडी एवं भरतपुर सहित आसपास के गांवों के बड़ी संख्या में कृषकों ने भाग लेकर आधुनिक कृषि तकनीकों एवं उन्नत खेती की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को नई कृषि पद्धतियों से जोड़ना तथा खेती को अधिक लाभकारी और टिकाऊ बनाना रहा।

शिविर में कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों को धान की उन्नत खेती, बीज चयन, बीज उपचार, जैविक खेती तथा पशुपालन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक ने किसानों को बीज उपचार के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि बोवाई से पहले बीज उपचार करना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि इससे धान की फसलों में आगे चलकर होने वाली कई प्रकार की बीमारियों की रोकथाम संभव होती है। बीज उपचार से फसल की गुणवत्ता बेहतर होती है तथा उत्पादन में भी वृद्धि होती है। कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को रासायनिक उर्वरकों के सीमित उपयोग और जैविक खेती को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि जैविक खेती से मिट्टी की उर्वरा शक्ति बनी रहती है तथा किसानों की लागत कम होने के साथ स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसके अलावा पशुधन को बढ़ावा देने पर भी विशेष जोर दिया गया। किसानों को बताया गया कि खेती के साथ पशुपालन अपनाने से अतिरिक्त आय प्राप्त की जा सकती है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होती है।

## बाइक चोरी कर बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहा आरोपी युवक गिरफ्तार

**बिश्रामपुर।** सोनगरा बाजार से बाइक चोरी कर बेचने की फिराक में घूम रहे आरोपी को पुलिस ने चोरी की बाइक समेत पकड़ लिया है। लटोरी पुलिस ने बताया कि 8 मई को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुआ कि दिनेश राजवाड़े निवासी सुंदरगंज का एक बजाज पल्सर मोटरसाइकिल लेकर गांव में आया है और बेचने के लिए ग्राहक ढूंढ रहा है।

सूचना पर सुंदरगंज पहुंचकर आरोपी दिनेश राजवाड़े से पूछताछ करने पर अपने पास रखे बिना नंबर के पल्सर मोटरसाइकिल को करीब दो माह पहले सोनगरा बाजार के पास से चोरी करना स्वीकार किया गया,आरोपी के पास से बरामद मोटरसाइकिल चोरी के होने पर जब्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 35(1) ड, 303(2) बीएनएस के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपी दिनेश राजवाड़े पिता बोधन उर्फ शंकर राजवाड़े 32 साल निवासी सुंदरगंज को गिरफ्तार कर



सूरजपुर न्यायालय पेश कर दिया है। कार्रवाई में लटोरी चौकी प्रभारी समेत अन्य पुलिस टीम सक्रिय रही।

## शिवनन्दनपुर में नाली निर्माण कार्य में अनियमितता के लग रहे आरोप

**बिश्रामपुर।** नवगठित नगर पंचायत शिवनन्दनपुर में विकास कार्यों को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। करोड़ों रुपए की लागत से कराए जा रहे नाली निर्माण अब सवालों के घेरे में आ गए हैं। नगर पंचायत क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों में भारी अनियमितता, गुणवत्ता विहीन निर्माण और शासकीय राशि के दुरुपयोग के आरोप लगने से स्थानीय राजनीति और प्रशासनिक हलकों में हलचल तेज हो गई है। नपं शिवनंदनपुर के वार्ड क्रमांक 9 निवासी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता बलराम कुमार शर्मा ने नगर पंचायत प्रशासक सह तहसीलदार सूरजपुर को लिखित शिकायत सौंपते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत पत्र में कहा गया है कि नगर पंचायत गठन के बाद शासन द्वारा नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से नाली निर्माण, स्ट्रीट लाइट, वार्ड सूचना बोर्ड और अन्य बुनियादी कार्य तेजी से शुरू किए गए। लेकिन इन कार्यों में गुणवत्ता और तकनीकी मानकों की अनदेखी की जा रही है। सबसे बड़ा आरोप यह है कि नाली निर्माण से पहले सड़क सीमांकन तक नहीं कराया गया। बिना अतिक्रमण हटाए ही नालियां बनाई जा रही हैं, जिससे सड़कों की चौड़ाई लगातार कम होती जा रही है। कई वार्डों में पहले जहां दो बड़े वाहन आसानी से निकल जाते थे, अब वहां एक वाहन निकालना भी मुश्किल हो रहा है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया
पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## आमगांव खदान विस्तार के लिए विरोध कर रहे ग्रामीणों के सामने एसईसीएल प्रबंधन को झुकना पड़ा

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की आमगांव खदान में कोयला उत्पादन में अवरोध और अधिकारियों से विवाद के मामले में निलंबित किए गए आठ कामगारों को प्रबंधन ने लगभग एक माह बाद पुनः ड्यूटी पर बहाल कर दिया है। इनमें पटना सरपंच विमला सिंह के पति समेत परिवार के आठ सदस्य शामिल हैं। सभी कामगारों को पिछले 9 अप्रैल को निलंबित किया गया था।

एसईसीएल प्रबंधन को मामले में आखिरकार विरोध कर रहे ग्रामीणों के आगे झुकना पड़ा और कम्पनी प्रबंधन ने यूटर्न लेते हुए निलंबित कर्मचारियों को कार्य पर वापस रखने का निर्णय लिया है, हालांकि उनकी भूमिका की जांच जारी रहेगी। गौरतलब है कि गत 7 अप्रैल को आमगांव खदान में डायवर्शन रोड निर्माण कार्य शुरू कराने पहुंचे सब एरिया मैनेजर विजय कुमार और अन्य अधिकारियों के साथ पटना ग्राम में विवाद हो गया था। आरोप है कि सरपंच विमला सिंह की अगुवाई में पहुंचे 50-60 ग्रामीणों ने निर्माण कार्य का विरोध करते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों से गाली-गलौज की तथा सब एरिया मैनेजर से हाथापाई करते हुए गुलेल के पत्थर से हमला कर दिया था। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई थी। प्रबंधन ने इस मामले में दर्जनभर ग्रामीणों के खिलाफ रामानुजनगर थाने में विभिन्न आपराधिक धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कराई थी।

इसके बाद कंपनी प्रबंधन ने जवाबी कार्रवाई करते हुए पटना सरपंच के पति समेत परिवार के कुल आठ सदस्यों बैकुंठपुर क्षेत्र में पदस्थ धर्मचंद्र मरावी, खेलावन सिंह, मानिकचंद सिंह, प्रियांशु सिंह मरावी तथा बिश्रामपुर क्षेत्र में कार्यरत किस्मतिया, बिफैया, सोनकेल और चंदा सिंह को निलंबित कर दिया था।सूत्रों के अनुसार बाद में सड़क निर्माण कार्य में सहयोग देने और विरोध नहीं करने पर सहमति बनी है, जिसके बाद प्रबंधन ने सभी आठ कोल कामगारों को पुनः बहाल कर दिया। बताया जा रहा है कि कई ग्रामीण अपनी भूमि और मकानों के बदले कंपनी से करोड़ों रुपये का मुआवजा करीब तीन वर्ष पहले प्राप्त कर चुके हैं।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी. मढ़रिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन: 07752-402070, 228277,
मो.: 9826190123, 9669979123

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा,जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ
डॉ.भुवन शर्मा
सुप्रसिद्ध रक्त रोग विशेषज्ञ
डॉ.निहार गुप्ता
डॉक्टर्स हाउस @ सरगुजा
रानी तालाब के सामने, जिला अस्पताल रोड़, अम्बिकापुर, जिला – सरगुजा (छ.ग.)
सुप्रसिद्ध ब्रेन एवं स्पाइन सर्जन,एण्डोस्कोपिक न्यूरो सर्जन
डॉ.महावीर सिंह जौहरी
1.5 TESLA MRI
10 मई 2026, माह के दूसरे रविवार
8224007799, 7000619700
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती की सुविधा उपलब्ध

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 13,500/
By Train-रिजर्वेशन कोच
1 जुलाई, 7 जुलाई, 15 जुलाई, 21 जुलाई, 04 अगस्त 2026(11 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
अमरनाथ यात्रा
बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी, श्रीनगर
नोटः–अमरनाथ यात्रा का रजिस्ट्रेशन 15 अप्रैल 2026 से शुरू हो गया है। अतः जो भी श्रद्धालु यात्रा पर जाना चाहते हैं, वे समय पर अपना रजिस्ट्रेशन एवं आवश्यक मेडिकल सर्टिफिकेट बनवा लें।
राशिः-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector- 4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करेंः-7354-411411